done by the Administration in Andaman and Nicobar Islands during Emergency and if so, what are the findings of such review; and

(b) the reasons for delay in taking the decision?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) and (b): A Special Review Committee was set up by the Andaman and Nicobar Administration for the purpose of reviewing the cases of compulsory retirement during Emergency. In 18 cases, orders of compulsory retirement have been set aside while in 19 cases the Special Review Committee came to the conclusion that the compulsory retirement of the employees was justified. 2 cases could not be considered by the Special Review Committee because these were *sub-judice*. In remaining 8 cases complete information is being collected for taking them up for review.

No employees were retrenched during the emergency.

**फोटो डिवीजन के कलर यूनिट पर हुआ व्यय**

8861. **श्री मदन तिवारी :** क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री 1 मार्च, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1282 के उत्तर के सन्दर्भ में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मन्त्रालय के कलर यूनिट में कितनी विदेशी पूंजी तथा कितनी भारतीय पूंजी लगी हुई है ; और

(ख) मार्च, 1977 से मार्च, 1978 तक की अवधि के दौरान इस यूनिट से सरकार को अनुमानतः कितना लाभ हुआ है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) :** (क) फोटो प्रभाग की कलर यूनिट में प्रयुक्त किए जाने वाले उपकरण आयातित हैं। इन उपकरणों पर हुआ पूंजीगत व्यय 5.45 लाख रुपए है।

(ख) फोटो प्रभाग अव्यावसायिक आधार पर कार्य करने वाला एक सेवा विभाग है। अतः फोटो प्रभाग की कलर यूनिट की उपयोगिता उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के अनुसार ही आंकी जा सकती है।

**पोरबन्दर का बारहमासी बन्दरगाह**

8862. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल :** क्या नौवहन और परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समाचार पत्रों में यह प्रकाशित हुआ है कि गुजरात में सौराष्ट्र में पोरबन्दर का बारहमासी बन्दरगाह जून, 1978 को चालू किया जायेगा और यदि हाँ, तो बन्दरगाह चालू करने से पहले कोई प्रयोग किया गया है और यदि हां, तो कब और कैसे ;

(ख) यदि नहीं, तो यह प्रयोग कब और कैसे किया जाएगा ; और

(ग) यहां कितनी स्टीमरें घाट लग सकेंगी और ज्यादा से ज्यादा कितने टन वजन की स्टीमरें आ सकेंगी ?

**नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम) :** (क) से (ग) : बड़े पत्तनों से भिन्न अन्य पत्तनों के परिचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित राज्य सरकारों की होती है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि पोरबन्दर में गहरे डुबाव वाले नये घाट के 15 और 24 मई, 1978 के बीच खोल दिए जाने की